Under CSR Support by Ipca Foundation
missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

# अध्याय - 6 | जनसंख्या

QUIZ PART-03

1. **जनसंख्या घनत्व किसे कहते हैं?**
   A. प्रति राज्य जनसंख्या
   B. प्रति गाँव जनसंख्या
   C. प्रति इकाई क्षेत्रफल में व्यक्तियों की संख्या
   D. प्रति जिला जनसंख्या (C)

*व्याख्या :* जनसंख्या घनत्व से तात्पर्य किसी क्षेत्र के प्रति इकाई क्षेत्रफल में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या से है।

2. **2011 की जनगणना के अनुसार भारत का औसत जनसंख्या घनत्व कितना था?**
   A. 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी
   B. 500 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी
   C. 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी
   D. 1102 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी (A)

*व्याख्या :* 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का औसत जनसंख्या घनत्व 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी था।

3. **2011 की जनगणना के अनुसार भारत का सबसे घनी आबादी वाला राज्य कौन-सा था?**
   A. पश्चिम बंगाल
   B. उत्तर प्रदेश
   C. बिहार
   D. केरल (C)

*व्याख्या :* बिहार का जनसंख्या घनत्व 1102 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी था, जो भारत में सर्वाधिक है।

4. **भारत में न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य कौन-सा है?**
   A. सिक्किम B. अरुणाचल प्रदेश
   C. नागालैंड D. गोवा (B)

*व्याख्या :* अरुणाचल प्रदेश का जनसंख्या घनत्व केवल 17 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है।

5. **विश्व में किन देशों का जनसंख्या घनत्व भारत से अधिक है?**
   A. जापान और बांग्लादेश
   B. चीन और पाकिस्तान
   C. अमेरिका और कनाडा
   D. नेपाल और श्रीलंका (A)

*व्याख्या :* केवल बांग्लादेश और जापान का औसत जनसंख्या घनत्व भारत से अधिक है।

6. **बांग्लादेश का औसत जनसंख्या घनत्व कितना है?**
   A. 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी
   B. 500 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी
   C. 731 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी
   D. 1031 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी (D)

*व्याख्या :* बांग्लादेश का जनसंख्या घनत्व 1031 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है।

7. **उत्तरी मैदान और केरल में जनसंख्या घनत्व उच्च क्यों है?**
   A. ऊँचे पहाड़ों के कारण
   B. उपजाऊ मिट्टी और पर्याप्त वर्षा के कारण
   C. जंगलों के कारण
   D. खनिज संसाधनों के कारण (B)

*व्याख्या :* उत्तरी मैदान और केरल में उपजाऊ मिट्टी और पर्याप्त वर्षा के कारण जनसंख्या घनत्व बहुत अधिक है।

8. **भारत के किन क्षेत्रों में जनसंख्या घनत्व कम है?**
   A. उपजाऊ मैदान
   B. तटीय क्षेत्र
   C. पहाड़ी और पथरीले क्षेत्र
   D. नदी घाटियाँ (C)

*व्याख्या :* पहाड़ी, कटे-छाँटे और पथरीले भू-भाग तथा कम उपजाऊ मिट्टी वाले क्षेत्रों में जनसंख्या घनत्व कम है।

9. **तेलंगाना भारत का 29वाँ राज्य कब बना?**
   A. 2009
   B. 2011
   C. 2014
   D. 2019 (C)

*व्याख्या :* जून 2014 में तेलंगाना भारत का 29वाँ राज्य बना।

10. **जम्मू-कश्मीर का 2 केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजन कब हुआ?**
    A. 2005
    B. 2014
    C. 2017
    D. 2019 (D)

*व्याख्या :* बिहार में भारत की कुल जनसंख्या का लगभग 9% हिस्सा है।

DESH KA APNA SCHOOL